हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय

Central University of Himachal Pradesh

धौलाधार परिसर-1, , धर्मशाला, जिलाकांगड़ा-, हिमाचल प्रदेश – 176215

DHAULADHAR CAMPUS-1, DHARAMSHALA, DISTRICT KANGRA, HIMACHAL PRADESH –176215

Phone No. 01892-229574; Fax No. 01892-229331; E-mail: registrar.cuhp@gmail.com

प्रेस नोट

दिनांक—20.12.2022

बिजनेस स्कूल के विद्यार्थियों ने " सेल्फ- मैनेजमेंट" के लिए टिप्स

केंद्रीय विवि के बिजनेस स्कूल की ओर से विशेषज्ञ वार्ता आयोजित

सिलचर के कुलपति, प्रो. राजीव मोहन पंत जी ने बतौर विशेषज्ञ छात्रों का किया मार्गदर्शन

धर्मशाला। हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय के बिजनेस स्कूल 'नेटवर्किंग' क्लब की ओर से " सेल्फ-मैनेजमेंट" विषय पर एक विशेषज्ञ वार्ता का आयोजन करवाया गया। धौलाधार परिसर एक में आयोजित इस वार्ता में असम केंद्रीय विश्वविद्यालय, सिलचर के माननीय कुलपति, प्रो. राजीव मोहन पंत जी ने बतौर विशेषज्ञ शिरकत की। सर्वप्रथम विश्वविद्यावलय के बिजनेस स्कूल के अधिष्ठाता प्रो. मोहिंदर सिंह ने विभाग की ओर से प्रो. राजीव मोहन पन्त जी को हिमाचली टोपी और पेंटिंग देकर सम्मानित किया। इसके बाद उन्होंने उपस्थित सभी संकाय सदस्यों, शोधार्थियों, और विद्यार्थियों का स्वागत किया और संबंधित विषय पर अपने विचार रखे।

इस अवसर पर मुख्य वक्ता प्रो. राजीव मोहन पंत जी ने छात्रों को आज के इस प्रतियोगिता भरे युग में खुद को कैसे अपने आप को मैनेज करें, कैसे चुनौतियों का सामना करें और अपने लक्ष्य पर केंद्रित रहें, इसके बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि प्रतियोगिता के इस युग में सबसे पहले हमें अपनी प्राथमिकता तय करनी पड़ेगी और दृढ़ होकर आगे बढ़ना होगा। उन्होंने विभिन्न उदाहरणों सहित "सेल्फ मैनेजमेंट" विषय के बारे में और उसकी जीवन में उपयोगिता के बारे में बताया।

उन्होंने वहाँ उपस्थित सभी शोधार्थियों और विधार्थियों को जीवन में नियम बनाने और उसमें अनुशासन के साथ कार्य करने के लिए भी प्रेरित किया। वक्तव्य के अंत में मुख्य वक्ता ने विद्यार्थियों द्वारा पूछे गए प्रश्नों के बड़ी ही सहजता से उत्तर दिये। प्रो. पंत ने एमबीए छात्रों को एक सप्ताह के कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए असम विश्वविद्यालय, सिलचर आने का निमंत्रण भी दिया। उन्होंने एमबीए छात्रों को जीवन में आगे बढ़ने का बीज मंत्र भी दिया और कहा कि उन्हें "हर दिन, अपने आप, धीरे धीरे, अपने को बेहतर करना है"। तभी आज के इस दौर में वह कदम से कदम मिलाकर चल पाएंगे।

इस वक्तव्य के अवसर पर विभाग से प्रो. दीपांकर शर्मा, डॉ. रीता शर्मा, डॉ. मनप्रीत अरोड़ा, डॉ. गीतांजलि उपाध्याय, डॉ. चमन लाल, डॉ. सर्वेश, पुस्तकालय अध्यक्ष, डॉ. विक्रम कुमार शर्मा जी, शोधार्थी विपुल, बाल

कृष्ण, अरशद, रचना भोपाल और विद्यार्थी सहित लगभग 200 लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन नेटवर्किंग' क्लब की समन्वयक डॉ. रीता शर्मा ने धन्यवाद प्रस्ताव के रूप में प्रस्तुत करते हुए किया।

पूजा भारद्वी

जनसंपर्क अधिकारी (पीआरओ)

हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय,धर्मशाला